राजस्थान सरकार

कार्यालय जिला कलक्टर, सिरोही

क्रमांक / प.12(3)(66)राजस्व / 2020 / दिनांक .06.2022

:: संशोधित ई–ऑक्शन कार्यक्रम ::

उपखण्ड अधिकारी, आबूरोड से प्राप्त प्रस्तावानुसार ग्राम पंचायत तलेटी के ग्राम तलेटी में पर्यटन की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए राजकीय भूमि की उपलब्धता एवं उपयुक्तता के आधार पर पर्यटन इकाई प्रयोजनार्थ आरक्षित की गई भूमि की निलामी कार्यवाही हेतु इस कार्यालय द्वारा जारी किये गए ई–ऑक्शन कार्यक्रम क्रमांक / प.12(3)(66)राजस्व / 2020 / 2768–73 दिनांक 18.05.2022 में अंकित रजिस्ट्रेशन, अमानत राशि, पहचान पत्र अपलोड करने की कार्यवाही हेतु निर्धारित दिनांक व समय तथा ऑनलाईन निलामी हेतु निर्धारित दिनांक व समय में तकनीकी कारणों से निम्नानुसार संशोधन किया जाता है:–

1. रजिस्ट्रेशन, अमानत राशि, पहचान पत्र अपलोड करने की कार्यवाही दिनांक 05.07.2022 को प्रातः 11.00 बजे से नीलामी तिथी से एक दिवस पूर्व तक सायं 5.00 बजे तक की जा सकती है।
2. ऑनलाईन निलामी निर्धारित दिनांक 27.07.2022 को प्रातः 11.00 बजे से प्रारंभ होकर दिनांक 22.08.2022 को सायं 04.00 बजे तक की जा सकती है।

शेष ई–ऑक्शन कार्यक्रम पूर्व में जारी ई–ऑक्शन कार्यक्रम क्रमांक / प.12(3)(66)राजस्व / 2020 / 2768–73 दिनांक 18.05.2022 के अनुसार यथावत रहेगा।

जिला कलक्टर, सिरोही

क्रमांक / प.12(3)(66)राजस्व / 2020 / 3208-14 दिनांक 14 .06.2022

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैं :–

1. निदेशक, पर्यटन विभाग, राजस्थान, जयपुर को उक्त विज्ञप्ति विभागीय वेबसाईट पर अपलोड कराने हेतु जरिये ईमेल director.tourism@rajasthan.gov.in पर प्रेषित है।
2. उपखण्ड अधिकारी, आबूरोड।
3. सचिव, नगर सुधार न्यास, आबू को उनके पत्रांक / यूआईटी आबू / निर्माण / 2022 / 218 दिनांक 14.06.2022 के क्रम में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।
4. संयुक्त निदेशक, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग, सिरोही को भेजकर लेख है कि उक्त विज्ञप्ति को जिला कार्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करावें।
5. सहायक निदेशक, पर्यटन विभाग, आबूपर्वत को भेजकर लेख है कि विभागीय उच्चाधिकारियों से समन्वय करते हुए उक्त विज्ञप्ति को पर्यटन विभाग, जयपुर की विभागीय वेबसाईट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
6. तहसीलदार, आबूरोड को सूचनार्थ एवं नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।
7. गार्ड फाईल।

जिला कलक्टर, सिरोही